मंगलवार, 21 जनवरी 2020
हिन्दुस्तान
02

आत्मविश्वास से मिलती सफलता

कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता

सफलता के लिए आत्मविश्वास से भरपूर होना जरूरी है। आत्मविश्वास कौशल निर्माण, साक्षात्कार एवं दक्षता को संवारने के लिए भी उपयोगी होता है। कुछ लोगों में इसकी कमी बचपन से होती है। जबकि कुछ लोगों में जिंदगी के अनुभवों के कारण कमी आने लगती है। यह बातें पीएसआईटी की स्पीकवेल एवं प्रबंध निदेशक शेफाली राज ने कही।

विवि में कास्ट एनसी परियोजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विषय ' व्यक्तित्व और संचार कौशल विकास' रखा गया था। शेफाली राज ने कहा कि लोग जीवन के कुछ बेहतर अनुभव को अपनाकर आत्मविश्वास बढ़ा सकते हैं। यह संपूर्ण पर्सनॉलिटी को बदल देता है। व्यक्ति को कठिन से कठिन हालात से सामना करने को तैयार करता है। कुलपति प्रो. सुशील सोलोमन ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से छात्र अपनी पर्सनालिटी की खुद जांच कर सकते हैं। यह तरक्की का मंत्र है। पीएसआईटी की ट्रेनर गीतांजलि अरोड़ा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का अपना-अपना व्यक्तित्व होता है वही उनकी पहचान है। समन्वयक डॉ.सीएल मौर्या ने कहा कि व्यक्तित्व विकास की प्रक्रिया को अनेक तत्व प्रभावित करते हैं। कार्यक्रम में निदेशक शोध डॉ. एचजी प्रकाश ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया डॉ. वेद रतन ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नौशाद खान ने किया। डॉ. धूम सिंह, प्रो. करम हुसैन डॉ. राम आशीष यादव, डॉ. फैयाज मिर्जा, मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान, डॉ जितेंद्र सिंह, डॉ. अनिल कुमार सचान आदि रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण।

आयोजन

- सीएसए में प्रशिक्षण शिविर में दी गई छात्रों को जानकारी
- प्रत्येक व्यक्ति का अपना व्यक्तित्व वही उनकी पहचान है।

National Training on Skills & Interpersonal skills set of postgraduate students for future employment 20th January 2020